अनुबंध

09 मार्च 2009 के ए पी(डीआईआर सिरीज़)परिपत्र सं.57 का अनुबंध

अनुबंध I	अ - प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तकों को लाइसेंस तथा अन्य अनुमोदन के लिए दिशा-निर्देश आ - अतिरिक्त शाखाओं को लाइसेंस की मंजूरी देने के लिए दिशा-निर्देश इ - प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I/श्रेणी-II/पूर्ण मुद्रा परिवर्तकों द्वारा एजेंटों/फ्रेंचाइजीज की नियुक्ति के लिए दिशा-निर्देश ई - मौजूदा पूर्ण मुद्रा परिवर्तकों के लाइसेंसों के नवीनीकरण के लिए दिशा-निर्देश उ - परिचालनगत दिशा-निर्देश ऊ - धन-शोधन निवारण संबंधी दिशा-निर्देश (एएमएल गाइड लाइंस) ए - लाइसेंस रद्द करना /निरस्त करना
	आवश्यक परिवर्तनों सहित संशोधित अनुदेश, प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी- II (प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-II) पर इनके विपरीत अनुदेश जारी होने तक तक लागू रहेंगे । इसी प्रकार श्रेणी-I तथा श्रेणी-II दोनों के प्राधिकृत व्यापारियों पर उनके मुद्रा परिवर्तन के कार्यकलापों के लिए धन-शोधन निवारण संबंधी दिशा-निर्देशों (एएमएल गाइड लाइंस) सहित अन्य उपयुक्त प्रावधान लागू हेंगे ।
अनुबंध II	विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम,1999 की धारा 10(1) के तहत पूर्ण मुद्रा परिवर्तकों को लाइसेंस के लिए आवेदनपत्र
अनुबंध III	पूर्ण मुद्रा परिवर्तकों /गैर-बैंक श्रेणी-II के प्राधिकृत व्यापारियों के निदेशकों के लिए "उपयुक्त तथा योग्य व्यक्ति " मानदंड
अनुबंध IV	फॉर्म आरएमसी-एफ
अनुबंध V	एफएल एम 1
अनुबंध VI	एफएलएम 2
अनुबंध VII	एफएलएम 3
अनुबंध VIII	एफएलएम 4
अनुबंध I X	एफएलएम 5
अनुबंध X	एफएलएम 6
अनुबंध XI	एफएलएम 7
अनुबंध XII	एफएलएम 8
अनुबंध XIII	आरएलएम 3
अनुबंध XIV	10,000 अमरीकी डॉलर अथवा इससे ऊपर की खरीद के लेनदेनों का विवरण
अनुबंध XV	निर्यात आगम के विदेशी करेंसी नोटों/यात्री चेकों के नकदीकरण से भारत मे खोले गये विदेशी मुद्रा खातों का संकलन(जोड़) दर्शानेवाला विवरण ।
अनुबंध XVI	वित्तीय वर्ष के दौरान बट्टे खाते डाली गई राशि का विवरण

अनुबंध-I

09 मार्च 2009 के ए पी(डीआईआर सिरीज़)परिपत्र सं.57 का अनुबंध

(अ) प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तकों को लाइसेंस जारी करने तथा अन्य अनुमोदनों के लिए दिशा-निर्देश

1.प्रस्तावना

प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक,विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम,1999 की धारा 10 के तहत भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अधिकृत संस्थाएं हैं। प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक या तो पूर्ण मुद्रा परिवर्तक होते हैं अथवा प्रतिबंधित मुद्रा परिवर्तक(आरएमसी)* । प्रतिस्पर्धा के जरिये कुशल ग्राहक सेवा सुनिश्चित करते हुए निवासियों तथा पर्यटकों को विदेशी मुद्रा विनिमय की सुविधाओं की सुलभता के दायरे को और अधिक बढ़ाने के लिए प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I (एडी.कैट- I)तथा प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-II (ए.डी.कैट-II)के अतिरिक्त, पूर्ण मुद्रा परिवर्तक भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए विदेशी मुद्रा का कारोबार करने के लिए अधिकृत हैं। पूर्ण मुद्रा परिवर्तक, भारत आये निवासियों और अनिवासियों से कतिपय अनुमोदित प्रयोजनों के लिए विदेशी मुद्रा की खरीद तथा बिक्री के लिए अधिकृत हैं।प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I (एडी.कैट- I)तथा प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-II (ए.डी.कैट-II) और पूर्ण मुद्रा परिवर्तक, विदेशी मुद्रा की खरीद का कारोबार करने के लिए फ्रेंचाइजीज नियुक्त कर सकते हैं। कोई भी व्यक्ति भारतीय रिजर्व बैंक से विदेशी मुद्रा परिवर्तन का वैध लाइसेंस लिए बिना विदेशी मुद्रा परिवर्तन का कारोबार नहीं करेगा अथवा ऐसा विज्ञापन नहीं देगा कि वह विदेशी मुद्रा का कारोबार करता है। बिना वैध लाइसेंस विदेशी मुद्रा परिवर्तन का कारोबार करते हुए पाये जाने पर वह उपर्युक्त अधिनियम के तहत दंड का भागी होगा ।

नोट: भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अब प्रतिबंधित मुद्रा परिवर्तक(आरएमसी)योजना समाप्त कर दी गई है । तथापि, पाकिस्तान और बाँगला देश की सीमा से 10 किलोमीटर के भीतर कार्य कर रहे कतिपय प्रतिबंधित मुद्रा परिवर्तकों (आरएमसी)को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा फिलहाल कारोबार करने की अनुमति प्रदान की गयी है ।

(2) पूर्ण मुद्रा परिवर्तकों को लाइसेंस जारी करने के लिए दिशा-निर्देश

पूर्ण मुद्रा परिवर्तन लाइसेंस जारी करने तथा नवीनीकरण,शाखाओं को लाइसेंस देने,एजेंटों/फ्रेंचाइजीज की नियुक्ति आदि पर प्राधिकृत व्यक्तियों के लिए धन-शोधन निवारण संबंधी दिशा-निर्देश(एएमएल गाइड लाइंस)नीचे दिये गये हैं। ये दिशा-निर्देश संकेत मात्र हैं किंतु आवेदनपत्रों पर विचार करते समय भारतीय रिजर्व बैंक, क्षेत्र-विस्तार,अनुकूल स्थान आदि जैसे अन्य संबंधित घटकों को ध्यान में रखते हुए निर्णय ले सकता है ।

(I) प्रवेश-मानदंड

(i) आवेदक ,कंपनी अधिनियम 1956 के तहत पंजीकृत होना चाहिए।

(ii) पूर्ण मुद्रा परिवर्तक होने के लिए अपेक्षित न्यूनतम निवल स्वाधिकृत निधियां निम्नवत् हैं:

श्रेणी	न्यूनतम निवल स्वाधिकृत निधियां
एकल शाखा पूर्ण मुद्रा परिवर्तक	25 लाख रुपये
बहु-शाखा पूर्ण मुद्रा परिवर्तक	50 लाख रुपये

नोट: आवेदकों की,बैंकों को छोड़कर, निवल स्वाधिकृत निधियों की गणना निम्नवत् की जाये:-

(i) <u>स्वाधिकृत निधियां</u> : (प्रदत्त ईक्विटी पूंजी +मुक्त आरक्षित राशियां +लाभ-हानि खाते के जमा की इति शेष)से घटायें (हानि का संचित शेष,आस्थगित राजस्व व्यय तथा अन्य अगोचर आस्तियां)।

(ii) <u>निवल स्वाधिकृत निधियां</u> : स्वाधिकृत निधियों से घटायें उसकी सहायक कंपनियों के शेयरों में निवेश की राशि,उसी समूह की कंपनियों में , सभी (अन्य) गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों तथा इसके साथ ही स्वाधिकृत निधियों के 10 प्रतिशत से अधिक उसकी सहायक कंपनियों के डिबेंचर्स ,बाँडों,लिये गये बकाया ऋण तथा उधार का बही मूल्य।

(II) <u>प्रलेखन</u>

भारतीय रिजर्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय जिसके क्षेत्राधिकार में आवेदक का कार्यालय आता हो,के विदेशी मुद्रा विभाग में अनुबंध-II में दिये गये फॉर्म में निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ आवदेनपत्र दिया जाये ।

(क) कंपनी को अपना कारोबार शुरू करने तथा निगमन के प्रमाणपत्रों में से प्रत्येक की एक एक प्रति ।

(ख) मुद्रा परिवर्तन का व्यवसाय करने से संबंधित संस्था के ज्ञापन तथा बहिर्नियम अथवा कंपनी लॉ बोर्ड को दाखिल किया गया इस आशय का उपयुक्त संशोधन ।

(ग) खातों के लेखा परीक्षण की अद्यतन प्रति जिसके साथ सनदी लेखाकार का एक प्रमाणपत्र जिसमें आवेदन पत्र की तारीख को निवल स्वाधिकृत निधियां प्रमाणित हों । लेखा परीक्षण की गई तुलन-पत्र तथा जहाँ लागू हो, कंपनी के तीन वर्ष के लाभ-हानि खाते की प्रति ।

(घ) एक मुहरबंद लिफाफें में आवेदक के बैंकर की गोपनीय रिपोर्ट ।

(ङ) इस आशय की एक घोषणा कि आवेदक कंपनी और उसके निदेशकों के विरुध्द प्रवर्तन निदेशालय/ राजस्व आसूचना निदेशालय अथवा अन्य किसी कानून प्रवर्तन प्राधिकरण द्वारा कार्रवाई प्रारंभ की नहीं गई /लंबित नहीं है और आवेदक कंपनी और उसके निदेशकों के विरुध्द कोई आपराधिक मामला दायर नही है/लंबित नहीं है ।

(च) इस आशय की एक घोषणा कि कारोबार शुरू करने से पहले भारतीय रिजर्व बैंक का अनुमोदन मिलते ही, समय-समय पर यथा संशोधित , 02 दिसंबर 2005 के ए.पी.(डीआईआर सिरीज) परिपत्र सं.18/ए.पी.(एफएल सिरीज) परिपत्र सं.01, 26 जून 2006 के ए.पी.(डीआईआर सिरीज) परिपत्र सं.39/ए.पी.(एफएल सिरीज) परिपत्र सं.02और 17 अक्तूबर 2007 के ए.पी.(डीआईआर सिरीज) परिपत्र सं.14/ए.पी.(एफएल सिरीज) परिपत्र सं.01 द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसरण में "अपने ग्राहक को जानिए " ओर " धन-शोधन निवारण पर समुचित नीतिगत ढांचा लागू कर दिया जायेगा।

(छ) वित्तीय क्षेत्र में सक्रिय सहयोगी /संबध्द संस्थाओं जैसे कि गैर- बैंकं कंपनियों के ब्योरे ।

(ज) मुद्रा परिवर्तन का व्यवसाय करने के लिए से संबंधित बोर्ड के प्रस्ताव की प्रमाणित प्रति ।

(iii) <u>अनुमोदन का आधार</u>

(i) चूँकि अनेक पूर्ण मुद्रा परिवर्तक पहले से ही इस कार्य में लगे हुए हैं ,अतः नये लाइसेंस चुनिंदा आधार पर केवल उनको ही जारी किये जायेंगे जो कि लाइसेंस के लिए सभी अपेक्षाएं पूरी करते हों,जिनसे कार्य-क्षेत्र के दायरे में वृध्दि हो,जिन्हें स्थान विशेष लाभदायक हो जैसे कि सीमा-क्षेत्र अथवा पर्यटन केंद्र आदि ।

(ii) # <u>पूर्ण मुद्रा परिवर्तन आवेदकों के लिए "उपयुक्त और योग्य व्यक्ति " मानदंड</u>

यदि किसी आवेदक कंपनी/उसके निदेशकों के विरुध्द किसी प्रवर्तन निदेशालय/राजस्व आसूचना निदेशालय अथवा अन्य किसी कानून प्रवर्तन प्राधिकरण द्वारा कार्रवाई प्रारंभ की गई हो /लंबित हो तो उस कंपनी को "उपयुक्त और योग्य व्यक्ति " नहीं माना जायेगा और पूर्ण मुद्रा परिवर्तक के लाइसेंसों के लिए उसके आवेदनपत्र पर विचार नहीं किया जायेगा।

(# गैर- बैंकं प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-IIपर भी लागू है।)

(iv) <u>उच्चाधिकार प्राप्त समिति से मंजूरी</u>

पूर्ण मुद्रा परिवर्तक के लाइसेंस जारी करने के लिए प्राप्त अनुरोधों पर,इस प्रयोजन हेतु गठित उच्चाधिकार प्राप्त समिति की मंजूरी से,भारतीय रिजर्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा , विचार किया जायेगा।

(v) इस संबंध में मंजूरी देने अथवा अन्यथा का भारतीय रिजर्व बैंक का निर्णय अंतिम और बाध्यकर होगा ।

(vi) भारतीय रिजर्व बैंक की मंजूरी मिल जाने पर, कारोबार शुरू करने से पहले ,भारतीय रिजर्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय में शाप्स एंड इस्टैब्लिशमेंट ऐक्ट के तहत पंजीकरण की कॉपी अथवा कोई अन्य दस्तावेजी सबूत जैसे कि किराये की रसीद, पट्टे की कॉपी आदि जमा कर देना चाहिए ।

(vii) पूर्ण मुद्रा परिवर्तक को ,लाइसेंस जारी करने की तारीख से छः माह के भीतर अपना कारोबार शुरू कर लेना चाहिए और भारतीय रिजर्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को इसकी सूचना दे देना चाहिए ।

(viii) नये पूर्ण मुद्रा परिवर्तक को अपने कार्यकलाप नीचे पैराग्राफ (ङ) तथा (च) में विनिर्दिष्ट अनुदेशों तथा भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी अन्य अनुदेशों के अनुसार करना चाहिये ।

[नोटः किसी भी शहरी सहकारी बैंक (यूसीबीएस) को पूर्ण मुद्रा परिवर्तक के रूप में कार्य करने हेतु लाइसेसं जारी नहीं किया जायेगा]

(आ) <u>अतिरिक्त शाखाओं को प्राधिकार/अधिकार देने के लिए के दिशा-निर्देश</u>

(1) केवल उस परिस्थिति को छोड़कर जब कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पूर्व अनुमति दी गई हो ,कोई पूर्ण मुद्रा परिवर्तक अपने स्थायी स्थान के अलावा अन्य किसी दूसरी जगह पर मुद्रा परिवर्तन का कारोबार नहीं करेगा। अपने स्थायी स्थान के अलावा अन्य किसी दूसरी जगह पर मुद्रा परिवर्तन का कारोबार करने का इच्छुक कोई पूर्ण मुद्रा परिवर्तक, भारतीय रिजर्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय के विदेशी मुद्रा विभाग में , जिसके क्षेत्राधिकार में उसका पंजीकृत

कार्यालय आता हो, लिखित रूप में आवेदनपत्र दे और भारतीय रिजर्व बैंक कतिपय शर्तों पर जिन्हें कि वह उपयुक्त समझे, अतिरिक्त स्थान पर कारोबार करने की मंजूरी दे सकता है ।

2. अतिरिक्त स्थान (कार्य-स्थल) के आवेदनपत्र के साथ निम्नलिखित कागजात संलग्न किये जायें:-

(क) खातों के लेखा परीक्षण की अद्यतन प्रति जिसके साथ आवेदन पत्र की तारीख को निवल स्वाधिकृत निधियों के संबंध में सांविधिक लेखाकार के एक प्रमाणपत्र की प्रति ।

(ख) मुहरबंद लिफाफे में आवेदक के बैंकर की गोपनीय रिपोर्ट ।

(ग) इस आशय की एक घोषणा कि आवेदक कंपनी और उसके निदेशकों के विरुध्द प्रवर्तन निदेशालय/ राजस्व आसूचना निदेशालय अथवा अन्य किसी कानून प्रवर्तन प्राधिकरण द्वारा कार्रवाई प्रारंभ की नहीं गई /लंबित नहीं है और आवेदक कंपनी और उसके निदेशकों के विरुध्द कोई आपराधिक मामला दायर नही है/लंबित नहीं है । किसी पूर्ण मुद्रा परिवर्तक को ,जिसके विरुध्द कोई प्रवर्तन निदेशालय/राजस्व आसूचना निदेशालय का कोई बड़ा मामला चल रहा है ,कोई नया लाइसेंस जारी नहीं किया जायेगा। प्रवर्तन निदेशालय/राजस्व आसूचना निदेशालय का कोई छोटा-मोटा मामला लंबित होने पर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा हर मामले में अलग अलग निर्णय लिया जायेगा। प्रवर्तन निदेशालय/राजस्व आसूचना निदेशालय में लंबित मामलों को गंभीर और साधारण मामले के रूप में वर्गीकृत करने का भारतीय रिजर्व बैंक का निर्णय अंतिम और बाध्यकर होगा ।जहाँ प्रवर्तन निदेशालय/राजस्व आसूचना निदेशालय के मामलों में अधिनिर्णय हो चुका है और दंड लागू कर दिया गया है ,ऐसे मामलों में भारतीय रिजर्व बैंक अपराध के स्वरूप के आधार पर अपनी राय कायम करेगा बशर्ते कि उस व्यक्ति के विरुध्द प्रवर्तन निदेशालय/राजस्व आसूचना निदेशालय में कोई नया वाद न शुरू कर दिया गया हो ।

(घ) "अपने ग्राहक को जानिए " और " धन-शोधन निवारण संबंधी दिशा-निर्देशों " के संबंध में कंपनी की नीतिगत ढांचे की एक प्रति ।

(ङ) आंतरिक तथा बाह्य लेखा परीक्षा सहित आंतरिक नियंत्रण प्रणाली पर एक संक्षिप्त रिपोर्ट ।

3. महानगरों और नॉन मेट्रोज में संपूर्ण मुद्रा परिवर्तकों की शाखाओं के योग्य विभाजन करने के उद्देश्य से, महानगरों में अतिरिक्त कार्यालयों के लिए आवेदन पत्रों पर तब विचार किया जाएगा जब आवेदक के कुल कार्यालयों (प्रस्तावित कार्यालयों सहित) का अनुपात 1:1 (अर्थात् आवेदक का महानगर में प्रत्येक कार्यालय के लिए एक नॉन-मेट्रोपोलिटन कार्यालय है) है । इस प्रयोजन के लिए मुंबई, नई दिल्ली, चेन्नई और कोलकत्ता के अतिरिक्त और तीन शहरों अर्थात् बंगलुरु, हैदराबाद और अहमदाबाद को महानगरीय केंद्रों के रुप में माना गया है । शाखाओं के लिए सुदूर क्षेत्रों में पर्यटन आकर्षण के केंद्रों के आवेदन पत्रों के लिए वरीयता दी जाएगी ।

4. किसी अतिरिक्त शाखा में व्यवसाय प्रारंभ करने पहले भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को दुकान और संस्था अधिनियम के तहत पंजीकरण की एक प्रति अथवा अन्य कोई दस्तावेजी साक्ष्य जैसे किराया रसीद , पट्टा करार की प्रति, आदि प्रस्तुत करना चाहिए ।

5. संपूर्ण मुद्रा परिवर्तकों ने लाइसेंस जारी करने की तारीख से छः महीनों की अवधि के भीतर अपनी अतिरिक्त शाखा का परिचालन प्रारंभ करना चाहिए और भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को सूचित करना चाहिए ।

(ग) **एजेंटों की नियुक्ति/प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-।/प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-।। द्वारा फ्रेंचाइजी और संपूर्ण मुद्रा परिवर्तकों की नियुक्ति के लिए दिशा-निर्देश**

1. इस योजना के तहत, भारतीय रिज़र्व बैंक प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी - ।, प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी - ।। और संपूर्ण मुद्रा परिवर्तकों को अपने विवेक के अनुसार सीमित मुद्रा परिवर्तन कारोबार अर्थात् विदेशी मुद्रा नोटों, सिक्कों का परिवर्तन अथवा यात्री चेकों का रुपयों में परिवर्तन करने के प्रयोजन के लिए एजेंसी लेने / फ्रेंचाइजी करार करने के लिए अनुमति देता है ।

2. **फ्रेंचाइजी**

किसी भी संस्था जिसके पास कारोबार करने के लिए स्थान है और रु. 10 लाख का न्यूनतम निवल स्वाधिकृत निधि है उसे फ्रेंचाइजी दी जा सकती है । फ्रेंचाइजी केवल सीमित मुद्रा परिवर्तन कारोबार कर सकती है ।

3. **एजेंसी / फ्रेंचाइजी करार**

फ्रेंचाइजी नियोक्ता फ्रेंचाइजी के साथ पारस्परिक करार के जरिये करार की अवधि और कमीशन अथवा शुल्क निर्धारित करने के लिए स्वतंत्र है ।

प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I/प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-II और संपूर्ण मुद्रा परिवर्तकों द्वारा किये जानेवाले एजेंसी / फ्रेंचाइजी करार में निम्नलिखित प्रमुख विशेषताओं का समावेश होना चाहिए :

(क) फ्रेन्चाइजी द्वारा विनिमय दरों को प्रदर्शित करना । विदेशी मुद्रा का रुपये में परिवर्तन के लिए विनिमय दर प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-।/प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-।। और संपूर्ण मुद्रा परिवर्तकों द्वारा अपनी शाखा पर रुपये में दैनिक विनिमय दर वही अथवा रुपये में दैनिक विनिमय दर के निकट हो ।

(ख) फ्रेन्चाइजी द्वारा खरीदी गयी विदेशी मुद्रा, खरीद की तारीख से 7 कार्य दिवसों के भीतर फ्रेन्चाइजर को अथवा किसी अन्य प्राधिकृत व्यक्ति को, जैसा करार किया गया हो, सुपुर्द करनी चाहिए ।

(ग) फ्रेन्चाइजी द्वारा लेनदेनों का उचित रिकॉर्ड रखना ।

(घ) फ्रेन्चाइजी नियोक्ता द्वारा फ्रेन्चाइजी के कार्य स्थल का वर्ष में कम से कम एक बार प्रत्यक्ष निरीक्षण ।

3. आवेदन की प्रक्रिया

प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-।/ प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-।।/ संपूर्ण मुद्रा परिवर्तकों को इस योजना के तहत एजेंटों / फ्रेन्चाइजीज की नियुक्ति के लिए फॉर्म आरएमसी -एफ (अनुबंध - IV)में भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को आवेदन करना होगा । आवेदन के साथ घोषणा पत्र लगाना होगा कि फ्रेंचाइजी का चयन करते समय पर्याप्त सावधानी बरती गई है और ऐसी संस्थाओं ने मुद्रा परिवर्तन से संबंधित भारतीय रिज़र्व बैंक के प्रचलित विनियमावली के प्रावधानों का पालन करने का वचन दिया गया है । भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा पहले फ्रेंचाइजी करार के लिए अनुमोदन दिया जाएगा । उसके बाद जब कोई नई एजेंसी / फ्रेंचाइजी करार किया जाएगा तो उसकी रिपोर्ट बाद में उसी प्रकार का पूर्वोक्त घोषणा के साथ फॉर्म आरएमसी-एफ (अनुबंध IV) में रिज़र्व बैंक को भेजना होगा ।

4. एजेंट / फ्रेंचाइजी संबंधी सावधानी

प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-।/प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-।।/ संपूर्ण मुद्रा परिवर्तकों ने एजेंटों/फ्रेंचाइजियों के संबंध में सावधानी बरतते समय निम्नलिखित न्यूनतम जांच करनी चाहिए

- एजेंट /फ्रेंचाइजी की मौजूदा कारोबार गतिविधियां / इस क्षेत्र में उनकी स्थिति ।
- एजेंट /फ्रेंचाइजी का न्यूनतम निवल स्वाधिकृत निधि ।
- एजेंट /फ्रेंचाइजी के पक्ष में दुकान और संस्था / अन्य लागू म्युनिसिपल प्रमाणन ।
- एजेंट /फ्रेंचाइजी के वास्तविक स्थान का सत्यापन, जहां सीमित मुद्रा परिवर्तन कारोबार किया जाएगा ।
- स्थानीय पुलिस प्राधिकारियों से एजेंट /फ्रेंचाइजी का आचरण संबंधी प्रमाणपत्र ।
- नियम लागू करनेवाली एजेंसी, यदि कोई हो, द्वारा एजेंट /फ्रेंचाइजी अथवा उसके निदेशकों/भागीदारों के विरुध्द चलाये गये / लंबित पिछले आपराधिक मामले,यदि कोई हो, संबंधी घोषणापत्र ।
- एजेंट /फ्रेंचाइजी और उसके निदेशकों/भागीदारों के पैन कार्ड ।
- एजेंट /फ्रेंचाइजी के निदेशकों/भागीदारों और मुख्य व्यक्तियों के फोटोग्राफ्स ।

उपर्युक्त जांच नियमित आधार पर वर्ष में कम से कम एक बार करनी चाहिए । प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-।/ प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-।।/संपूर्ण मुद्रा परिवर्तकों ने एजेंट /फ्रेंचाइजी के कार्य स्थल पर व्यक्तिगत रुप से दौरा करने के अतिरिक्त उनके कार्य स्थल की पुष्टि करनेवाली यथोचित दस्तावेजी साक्ष्य प्राप्त करनी चाहिए । प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-।/ प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-।।/संपूर्ण मुद्रा परिवर्तकों ने एजेंट /फ्रेंचाइजी के निवल स्वाधिकृत निधि अर्थात् निरंतर आधार पर रुपये 10 लाख बनाये रखने की पुष्टि करनेवाला सनदी लेखाकार का प्रमाणपत्र भी प्राप्त करना चाहिए ।

टिप्पणी :- प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-।/ प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी -।।/ संपूर्ण मुद्रा परिवर्तकों को सूचित किया जाता है कि ऐसे एजेंटों /फ्रेंचाइजियों के साथ किये गये करार खंडित करें जिन्होंने इस परिपत्र के जारी करने की तारीख से तीन महीनों के भीतर संशोधित मापदण्ड का पालन नहीं किया है ।

5. **केंद्रों का चयन**

फ्रेंचाइजी नियोक्ता योजना प्रचालन के लिए केंद्रों का चयन करने हेतु स्वतंत्र है ।

6 **प्रशिक्षण**

फ्रेंचाइजी नियोक्ताओं से अपेक्षित है कि वे योजना के परिचालन और अभिलेखों के रखरखाव के संबंध में एजेंटों / फ्रेंचाइजी को प्रशिक्षण दें ।

7. **रिपोर्टिंग, लेखा-परीक्षा और निरीक्षण**

फ्रेंचाइजी नियोक्ता अर्थात् प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-।/ प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-।।/संपूर्ण मुद्रा परिवर्तकों से अपेक्षित है कि फ्रेंचाइजी द्वारा फ्रेंचाइजी नियोक्ता को नियमित आधार पर (कम से कम मासिक आधार पर) लेनदेनों के रिपोर्टिंग के लिए पर्याप्त व्यवस्था बनाये रखें । प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-।/ प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-।।/संपूर्ण मुद्रा परिवर्तकों द्वारा छः महीनों में कम से कम एक बार फ्रेंचाइजी के सभी स्थानों की नियमित स्पॉट लेखा-परीक्षा की जानी चाहिए । इस प्रकार की लेखा-परीक्षा में समर्थित दल शामिल करना चाहिए और फ्रेंचाइजी के अनुपालन स्तर की जांच करने के लिए 'मिस्टरी ग्राहक' (ऐसी व्यक्तियां, जो लोग जिस सीमा तक कार्य-निष्पादन कर सकते हैं, उसका अनुभव और मूल्यांकन करने के लिए संभाव्य ग्राहक के रुप में कार्य करती हैं) कल्पना का उपयोग किया जाना चाहिए । फ्रेंचाइजी के बहियों के वार्षिक निरीक्षण की एक प्रणाली भी बनायी जाए ।इस निरीक्षण का प्रयोजन यह सुनिश्चित करना है कि फ्रेंचाइजी द्वारा मुद्रा परिवर्तन कारोबार करार की शर्तों के अनुसार और भारतीय

रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जा रहा है और फ्रेंचाइजी द्वारा आवश्यक अभिलेखों का रखरखाव किया जा रहा है ।

8. धन शोधन निवारक /अपने ग्राहक को जानिये संबंधी दिशा-निर्देश

फ्रेंचाइजी से अपेक्षित है कि वे प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-।/प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-।।/संपूर्ण मुद्रा परिवर्तकों को लागू धन शोधन निवारक /अपने ग्राहक को जानिए संबंधी दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन करें ।

टिप्पणी : ऐसे किसी संपूर्ण मुद्रा परिवर्तक /गैर-बैंक प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-।। को एजेंटों/ फ्रेंचाइजी की नियुक्ति के लिए लाइसेंस जारी नहीं किया जाएगा जिसके विरूध्द प्रवर्तन निदेशालय/राजस्व आसूचना निदेशालय/ केंद्रीय जांच ब्यूरो/पुलिस की कोई बड़ी जांच लंबित है । यदि किसी संपूर्ण मुद्रा परिवर्तक/गैर-बैंक प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी - ।। नें एजेंटों/ फ्रेंचाइजी की नियुक्ति के लिए एक-बार अनुमोदन प्राप्त कर लिया हो और अनुमोदन की तारीख के बाद प्रवर्तन निदेशालय/राजस्व आसूचना निदेशालय/ केंद्रीय जांच ब्यूरो / पुलिस द्वारा कोई मुकदमा दायर किया जाता है तो संपूर्ण मुद्रा परिवर्तक/गैर-बैंक प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-।। को तदनंतर एजेंटों/ फ्रेंचाइजी की नियुक्ति नहीं करनी चाहिए और इससे भारतीय रिज़र्व बैंक को यथाशीघ्र अवगत कराना चाहिए। संपूर्ण मुद्रा परिवर्तक / गैर-बैंक प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी - ।। को एजेंटों/ फ्रेंचाइजी की नियुक्ति की अनुमति देने का निर्णय भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा लिया जाएगा ।

(घ) मौजूदा संपूर्ण मुद्रा परिवर्तकों के लाइसेंस के नवीकरण के लिए दिशा-निर्देश

1. आवेदक,कंपनी अधिनियम, 1956 के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिये और उसका पंजीकृत/ प्रधान कार्यालय, कंपनी कार्यालय के क्षेत्राधिकार के भीतर हो ।

2. निवल स्वाधिकृत निधि निम्नवत होना आवश्यक है :

श्रेणी	न्यूनतम निवल स्वाधिकृत निधि
एकल शाखा संपूर्ण मुद्रा परिवर्तक	रुपये 25 लाख
बहु शाखा संपूर्ण मुद्रा परिवर्तक	रुपये 50 लाख

3. नवीनीकरण के लिए आवेदन पत्र निम्नलिखित दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत किये जाने चाहिए ।

(क) लेखा-परीक्षा की तारीख को निवल स्वाधिकृत निधि की स्थिति संबंधी सांविधिक लेखा-परीक्षकों से प्राप्त प्रमाणपत्र के साथ लेखों की अंतिम लेखा-परीक्षा रिपोर्ट की प्रतिलिपि ।

(ख) मुहरबंद लिफार्फे में आवेदक के बैंकर की गोपनीय रिपोर्ट ।

(ग) इस आशय का घोषणापत्र कि आवेदक कंपनी और उसके निदेशकों के विरुध्द प्रवर्तन निदेशालय / राजस्व आसूचना निदेशालय अथवा किसी अन्य कानून लागू करने वाले प्राधिकारण के पास कोई कार्यवाही चालू / लंबित नहीं है और आवेदक कंपनी और उसके निदेशकों के विरुध्द कोई आपराधिक मामले नहीं चल रहे हैं/ लंबित नहीं हैं ।

(घ) कंपनी में अपने ग्राहक को जानिये/धन शोधन निवारक मौजूदा नीति की रुपरेखा की एक प्रतिलिपि ।

टिप्पणी :-मुद्रा परिवर्तक के लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए लाइसेंस की समाप्ति से एक महीने पहले अथवा भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा यथा निर्धारित अवधि के भीतर आवेदन पत्र दिया जाना चाहिए। जब कोई व्यक्ति अपने मुद्रा परिवर्तक के लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत करता है तो लाइसेंस नवीनीकरण की तारीख तक अथवा आवेदन पत्र

अस्वीकृत किये जाने तक , जैसी भी स्थिति हो, लाइसेंस बना रहेगा ।मुद्रा परिवर्तक के लाइसेंस के नवीनीकरण के लिए लाइसेंस की समाप्ति के बाद आवेदन पत्र नहीं दिया जाना चाहिए ।

(ङ) परिचालनात्मक अनुदेश

1. विदेशी मुद्रा लाना और बाहर ले जाना

(i) विदेशी मुद्रा किसी भी सीमा तक और मुक्त रुप से भारत में लाई जा सकती है बशर्ते कि आते समय सीमा शुल्क प्राधिकारियों के समक्ष मुद्रा घोषणा फॉर्म (सीडीएफ) में घोषित की जाए । यदि करेंसी नोटों अथवा यात्री चेक के रुप में विदेशी मुद्रा 10,000/- अमरीकी डॉलर अथवा उसके समतुल्य से अधिक न हो और अथवा विदेशी करेंसी नोटों का मूल्य 5,000/- अमरीकी डॉलर अथवा उसके समतुल्य से अधिक न हो तो सीडीएफ के लिए दबाव न डाला जाए ।

(ii) प्राधिकृत व्यापारी अथवा मुद्रा परिवर्तक से प्राप्त की गई विदेशी मुद्रा को छोड़कर,जब तक भारतीय रिज़र्व बैंक के सामान्य अथवा विशेष अनुमोदन के तहत स्वीकार्य न हो ,किसी भी रूप में विदेशी मुद्रा बाहर ले जाना निषिध्द है । परंतु उक्त उप-पैरा (i) के अनुपालन की शर्त पर अनिवासियों को , शुरू में लाई गई रकम के बराबर विदेशी मुद्रा बाहर ले जाने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक की सामान्य अनुमति है ।

2. जनता से विदेशी मुद्रा की खरीद

(i) प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तकों (एएमसीएस) / फ्रेंचाइजी निवासियों और अनिवासियों से मुक्त रुप से विदेशी मुद्रा नोट, सिक्के और यात्री चेक की खरीद कर सकते हैं । यदि विदेशी मुद्रा सीडीएफ फॉर्म पर घोषणा करके लाई गई है तो घोषणा फॉर्म प्रस्तुत करने के लिए कहा जाए । प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक ,सीडीएफ में घोषणा प्रस्तुत करने के लिए अनिवार्य रुप से आग्रह करें ।

(ii) प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तकों (एएमसीएस) विदेशी पर्यटकों को अंतरराष्ट्रीय क्रेडिट कार्ड पर भारतीय रुपये बेच सकते हैं और सामान्य बैंकिंग माध्यम से उनकी प्रतिपूर्ति के लिए तुरंत कार्रवाई कर सकते हैं ।

3. नकदीकरण प्रमाणपत्र

(क) प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक, जनता से खरीद के मामलों में , मांगे जाने पर, नकदीकरण का प्रमाणपत्र जारी कर सकते हैं । ये प्रमाणपत्र मुद्रा परिवर्तक के पत्र-शीर्ष पर प्राधिकृत हस्ताक्षरों से जारी किये जाएं और उनका उचित अभिलेख रखा जाए ।

(ख) जिन मामलों में नकदीकरण प्रमाणपत्र जारी न किया गया हो, ग्राहकों के ध्यान में यह तथ्य लाया जाये कि केवल वैध नकदीकरण प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर ही अनिवासियों के पास बची हुई स्थानीय मुद्रा को विदेशी मुद्रा में परिवर्तित करने की अनुमति दी जाएगी।

4. प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तकों (एएमसीएस) और प्राधिकृत व्यापारियों से खरीद

प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक (एएमसीएस) किसी भी अन्य प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक (एएमसीएस) और प्राधिकृत व्यापारियों से सामान्य कारोबार के दौरान प्राप्त विदेशी मुद्रा नोट, सिक्के और भुनाये गये यात्री चेक खरीद सकते हैं । खरीदी गई विदेशी मुद्रा का भुगतान उसके समतुल्य रुपयों के रेखांकित आदाता चेक / मांग ड्राफ्ट/बैंकर चेक / आदेश द्वारा किया जाए ।

5. विदेशी मुद्रा की विक्री

(I) निजी यात्राएं

प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक (एएमसीएस), पात्र भारतीय नागरिक निवासियों को किसी भी देश की (नेपाल और भूटान को छोड़कर),एक या अनेक, निजी यात्रा/यात्राओं के लिए विदेशी मुद्रा प्रबंध (चालू खाता लेनदेन) विनियमावली, 2000 की सारणी III में विनिर्दिष्ट निर्धारित सीमा (वर्तमान में 10,000 अमरीकी

डॉलर) तक विदेशी मुद्रा बेच सकते हैं । इस प्रकार की निजी यात्रा के लिए यात्री को वित्तीय वर्ष के दौरान ली गई विदेशी मुद्रा की राशि के संबंध में स्व-घोषणा पत्र आधार पर विदेशी मुद्रा उपलब्ध हो सकेगी । भारत में स्थायी रुप से रह रहे विदेशी नागरिकों को भी अपनी निजी यात्राओं के लिए यह कोटा लेने की पात्रता है बशर्ते कि आवेदक उसका उपयोग अपने वेतन, अपनी बचत आदि को वर्तमान विनियमावली के अनुसार विदेश भेजने की सुविधा का लाभ न उठा रहा हो ।

(II) कारोबारी यात्राएं

प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक (एएमसीएस) भारत में रहने वाले व्यक्तियों को कारोबारी यात्रा करने अथवा सम्मेलन में भाग लेने अथवा विशिष्ट प्रशिक्षण अथवा इलाज के लिए विदेश जा रहे रोगी के निर्वाह व्यय अथवा विदेश में जांच के लिए अथवा इलाज / चिकित्सीय-जांच के लिए विदेश जा रहे रोगी के साथ परिचर के रुप में जाने के लिए विदेशी मुद्रा प्रबंध (चालू खाता लेनदेन) विनियमावली, 2000 की सारणी III में विनिर्दिष्ट सीमा (वर्तमान में 25,000 अमरीकी डॉलर) तक विदेशी मुद्रा बेच सकते हैं ।

शर्तें

i. भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा सामान्यत: ऐसे दस्तावेजों का निर्देशन नहीं किया जायेगा , जिनका प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तकों को विदेशी मुद्रा जारी करते समय सत्यापन करना चाहिए । इस संबंध में, प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तकों का ध्यान विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम,1999 के खण्ड 10 के उप-खण्ड (5) की ओर आकर्षित किया जाता है ।

ii. यात्री चेक जारी करने के मामले में, यात्री को प्राधिकृत अधिकारी की उपस्थिति में चेकों पर हस्ताक्षर करना चाहिए और यात्री चेकों की प्राप्ति के लिए क्रेता की प्राप्ति सूचना का लेखा-जोखा रखा जाए ।

iii. प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक,यात्री द्वारा वित्तीय वर्ष के दौरान ली गयी विदेशी मुद्रा की राशि के संबंध में दिये गये घोषणापत्र के आधार पर यात्रा प्रयोजन हेतु विदेशी मुद्रा जारी कर सकते हैं ।

iv. प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक विदेश यात्रा (निजी यात्रा अथवा किसी अन्य प्रयोजन के लिए की गयी यात्रा) के लिए बेची गयी विदेशी मुद्रा के संबंध में रु..50000/- (रुपये पचास हजार केवल) तक नकदी भुगतान स्वीकार सकते हैं । बेची गयी विदेशी मुद्रा की राशि रु.50000/(रुपये पचास हजार) -से अधिक होने पर केवल आवेदक के बैंक खाते पर आहरित रेखांकित चेक अथवा आवेदक की यात्रा प्रायोजित करनेवाली फर्म / कंपनी के बैंक खाते पर आहरित रेखांकित चेक अथवा बैंकर्स चेक / भुगतान आदेश / मांग ड्राफ्ट द्वारा भुगतान प्राप्त किया जाए । इस प्रयोजन के लिए, एक तो किसी एकल आहरण अथवा एक से अधिक आहरण को एकल यात्रा के रुप में माना जाए, जिसके लिए आहरित विदेशी मुद्रा की कीमत रु..50000/(रुपये पचास हजार) -से अधिक होने पर उसका भुगतान चेक / बैंकर्स चेक / भुगतान आदेश / मांग ड्राफ्ट द्वारा किया जाए । प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक रुपयों में / रेखांकित चेक/ बैंकर्स चेक / भुगतान आदेश / मांग ड्राफ्ट के जरिये किये गये भुगतान के अतिरिक्त, विदेश यात्रा (निजी यात्रा अथवा किसी अन्य प्रयोजन के लिए की गयी यात्रा) के लिए डेबिट कार्डों/क्रेडिट कार्डों/प्रीपेड कार्डों के जरिये किये गये भुगतान भी स्वीकृत कर सकते हैं बशर्ते - (i) अपने ग्राहक को जानिये / धन शोधन निवारक दिशा-निर्देशों का अनुपालन किया गया हो (ii) बेची गयी विदेशी मुद्रा / विदेशी मुद्रा में जारी किये गये यात्री चेकों की राशि बैंक द्वारा निर्धारित सीमाओं (क्रेडिट/प्रीपेड कार्डस्) के भीतर हो ,(iii) विदेशी मुद्रा /विदेशी मुद्रा यात्री चेक का खरीददार और क्रेडिट/डेबिट/प्रीपेड कार्ड धारक एक ही व्यक्ति हो ।

v. विदेशी मुद्रा नोटों और सिक्कों की बिक्री विदेशी मुद्रा की समग्र पात्रता के भीतर होनी चाहिए जो कि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा यात्री की यात्रा के देश के लिए समय समय पर निर्धारित की गई हो ।

6. भारतीय मुद्रा के परिवर्तन के बदले बिक्री

प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक , भारत से प्रस्थान करते समय अनिवासियों के पास बची हुई भारतीय मुद्रा को विदेशी मुद्रा से पुन: बदल सकते हैं बशर्ते कि वैध नकदीकरण प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया गया हो ।

टिप्पणी (1): यह सुनिश्चित करने के बाद कि अनिवासी व्यक्ति अगले सात दिन में प्रस्थान करने वाला है और वह व्यक्ति नकदीकरण प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने में असमर्थ है तथा इसका उसके पास उचित कारण है ,प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक अपने विवेक से अनिवासियों व्यक्तियों के पास बची हुई रु.10,000 तक की राशि भारतीय मुद्रा में परिवर्तित कर सकते हैं ।

टिप्पणी (2): प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी -। और प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी -।। निम्नलिखित दस्तावेजों के आधार पर एटीएम रसीदों पर विदेशी पर्यटकों (अनिवासी भारतीय नहीं) को रु.50,000 तक भारतीय रुपये में पुन: परिवर्तन की सुविधा प्रदान कर सकते हैं ।

- वैध पारपत्र और वीज़ा
- 7 दिनों के भीतर प्रस्थान के लिए कन्फर्म टिकट
- एटीएम पर्ची मूल रूप में (मूल डेबिट/क्रेडिट कार्ड के साथ सत्यापन के लिए)

7. कैश मेमो

प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक से यदि मांगा जाता है तो वे अपने कार्यालय के पत्र-शीर्ष पर विदेशी मुद्रा क्रेता यात्री को कैश मेमो जारी कर सकते हैं । वह कैश मेमो देश छोड़ते वक्त उत्प्रवासन प्राधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत करना आवश्यक हो सकता है ।

8. विनिमय दर

प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक, विदेशी मुद्रा नोटों और यात्री चेकों को बाज़ार की स्थिति द्वारा निर्धारित विनिमय दर पर लेनदेन कर सकते हैं ।

9. विनिमय दर चार्ट प्रदर्शन

प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक, पब्लिक काउंटर के निकट प्रमुख स्थानों पर चार्ट लगायेंगे, जिसमें विदेशी मुद्रा नोटों और यात्री चेकों की खरीद /बिक्री की दरें दी गई हों ।

10. विदेशी मुद्रा शेष

i. प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तकों को अपने पास यथोचित मात्रा में विदेशी मुद्रा शेष रखना चाहिये और मुद्रा के उतार-चढ़ाव की सट्टेबाजी को ध्यान में रखते हुए निक्रिय शेष रखने से बचना चाहिये ।

ii. आरएमसी /फ्रेंचाइजी , खरीदे गये विदेशी मुद्रा नोट, सिक्के और यात्री चेक , प्राधिकृत व्यापारी अथवा प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक के पास 7 कार्य-दिवसों के भीतर जमा कर देंगे ।

iii. प्राधिकृत व्यापारी, संपूर्ण मुद्रा परिवर्तक और आरएमसी के लेनदेन की चुकौती रेखांकित चेक/ मांग ड्राफ्ट द्वारा की जाएगी । किसी भी हालत में नकद लेन देन नहीं किया जाना चाहिए ।

11. विदेशी मुद्रा शेष - पुनर्भरण

(i) प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक अपनी सामान्य कारोबार की जरूरतों के अनुसार दूसरे प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक (आरएमसी सहित), भारत में विदेशी मुद्रा के प्राधिकृत व्यापारियों से रेखांकित चेक / मांग ड्राफट द्वारा रुपये में भुगतान करके प्राप्त कर सकते हैं ।

(ii) यदि प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक इस तरीके से अपने स्टॉक का पुनर्भरण नहीं कर सकते हैं तो भारत में विदेशी मुद्रा आयात करने की अनुमति के लिए प्राधिकृत व्यापारी के माध्यम से विदेशी मुद्रा बाज़ार विभाग, विदेशी मुद्रा विभाग,केंद्रीय कार्यालय, भारतीय रिज़र्व बैंक, मुंबई को आवेदनपत्र दें । जिस नामित प्राधिकृत व्यापारी के माध्यम से आवेदनपत्र दिया जाता है, उसके माध्यम से ही आयात किया जाए ।

12. निर्यात/अतिरिक्त विदेशी मुद्रा नोट/यात्री चेकों का निपटान

प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक विदेशी मुद्रा के नामित प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक के माध्यम से मूल्य की उगाही के लिए अतिरिक्त विदेशी मुद्रा नोट / भुनाये गये यात्री चेकों को किसी समुद्रपारीय बैंक को निर्यात कर सकते हैं । संपूर्ण मुद्रा परिवर्तक,अतिरिक्त विदेशी मुद्रा, निजी मुद्रा परिवर्तकों को भी निर्यात कर सकते हैं बशर्ते कि वसूली योग्य मूल्य पहले ही किसी प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-I बैंक के नास्ट्रो खाते में जमा कर दिया गया हो अथवा निर्यात किये जानेवाले विदेशी मुद्रा नोट /सिक्कों के संपूर्ण मूल्य के लिए किसी प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय बैंक द्वारा बैंक गारंटी जारी की गई हो ।

13. जाली विदेशी मुद्रा नोटों को बट्टे खाते डालना

खरीदे गये विदेशी मुद्रा नोटों के जाली पाये जाने पर, प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक, अपनी रकम की वसूली के लिए सभी उपलब्ध विकल्पों का उपयोग करने के पश्चात, अपने शीर्ष प्रबंध के अनुमोदन से 2000 अमरीकी डॉलर तक प्रति वर्ष बट्टे खाते डाल सकते हैं । बट्टे खाते डालने की रकम इससे अधिक होने पर भारतीय रिज़र्व बैंक के विदेशी मुद्रा विभाग के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय का अनुमोदन अपेक्षित होगा ।

14. मुद्रा परिवर्तन कारोबार के लिए रजिस्टर और लेखा बहियां

i. प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक,अपने मुद्रा परिवर्तन लेनदेनों के संबंध में निम्नलिखित रजिस्टर रखेंगे :

(क) फॉर्म **एफएलएम** 1 में दैनिक सारांश और तुलन बही (**अनुबंध- V**)

(ख) फॉर्म **एफएलएम** 2 में दैनिक सारांश और तुलन बही (**अनुबंध- VI**)

(ग) फॉर्म **एफएलएम** 3 में जनता से विदेशी मुद्रा की खरीद का रजिस्टर (**अनुबंध- VII**)

(घ) फॉर्म **एफएलएम** 4 में प्राधिकृत व्यापारियों और प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तकों से खरीदे गये विदेशी मुद्रा नोट / सिक्कों का रजिस्टर (**अनुबंध- VIII**)

(ङ) फॉर्म **एफएलएम** 5 में जनता को विदेशी मुद्रा नोटों / सिक्के और विदेशी मुद्रा यात्री चेकों की बिक्री का रजिस्टर (**अनुबंध- IX**)

(च) फॉर्म **एफएलएम** 6 में प्राधिकृत व्यापारियों / संपूर्ण मुद्रा परिवर्तकों / समुद्रपारीय बैंकों को विदेशी मुद्रा नोटों / सिक्कों की बिक्री का रजिस्टर (**अनुबंध- X**)

(ज)फॉर्म **एफएलएम** 7 में प्राधिकृत व्यापारियों / प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तकों को सुपुर्द /निर्यात किये गये चेकों का रजिस्टर (**अनुबंध- XI**)

ii. सभी रजिस्टर और बही को अद्यतन रखा जाए, उसकी दुतरफा जांच की जाए और शेष का सत्यापन प्रतिदिन किया जाए ।

iii. प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक के मुद्रा परिवर्तन कारोबार से भिन्न लेनदेन को मुद्रा परिवर्तन के लेनदेन के साथ न मिलाया जाए । दूसरे शब्दों में , रजिस्टर और लेखा बहियों से मुद्रा परिवर्तन कारोबार से संबंधित लेनदेन का स्पष्ट रुप से मिलान किया जाना चाहिए ।

iv. यदि प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक एक से अधिक स्थानों पर कारोबार करता है तो प्रत्येक स्थान के लिए अलग अलग रजिस्टर होना चाहिए ।

टिप्पणी : विदेशी मुद्राओं का अंतर-शाखा अंतरण स्टॉक अंतरित किया गया ऐसा लेखांकित किया जाएगा और न कि बिक्री के रुप में लेखांकित किया जाएगा ।

15. विवरणी भारतीय रिज़र्व बैंक को प्रस्तुत करना

i. प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक, अपने सभी कार्यालयों का विदेशी मुद्रा नोटों की खरीद और बिक्री संबंधी समेकित विवरण फॉर्म **एफएलएम 8 (अनुबंध- XII)** में भारतीय रिज़र्व बैंक के उस कार्यालय को, जिसने लाइसेंस /एकीकृत लाइसेंस जारी किया हो , इस प्रकार भेजें कि वह संबंधित माह से अगले माह की 10 तारीख तक अवश्य मिल जाए।

ii. इसी प्रकार,प्रतिबंधित मुद्रा परिवर्तक , भारतीय रिज़र्व बैंक के जिस कार्यालय के क्षेत्राधिकार में कार्यरत हैं, फॉर्म **आरएलएम 3 (अनुबंध- XIII)** में तिमाही विवरण प्रस्तुत करें। प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-।/ प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी-।।/संपूर्ण मुद्रा परिवर्तक द्वारा विधिवत् प्रमाणित विवरण आगामी तिमाही के बाद आनेवाले महीने की 10 तारीख तक अवश्य भारतीय रिज़र्व बैंक में पहुंच जाना चाहेए । यदि खरीदी गई विदेशी मुद्राओं को अलग - अलग प्राधिकृत व्यापारियों /संपूर्ण मुद्रा परिवर्तक द्वारा अभ्यर्पित किया जाता है तो प्रत्येक ऐसे प्रधिकृत व्यापारी /संपूर्ण मुद्रा परिवर्तक द्वारा अपना अपना प्रमाणित अलग तिमाही विवरण तैयार किया जाए ।

iii. प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक,संलग्न फॉर्मेट के **अनुबंध- XIV** में प्रति लेनदेन 10,000 (अथवा उसके समतुल्य) अमरीकी डॉलर और उससे अधिक की प्राप्ति/खरीद का ब्योरा देते हुए मासिक विवरण विदेशी मुद्रा विभाग,भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को महीने की समाप्ति पर आगामी महीने की 10 तारीख तक अवश्य भेज दें ।/संपूर्ण मुद्रा परिवर्तक/ प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी -।। अपने विवरण में अपने फ्रेंचाइजी के लेनदेन को शामिल करें ।

iv. प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक , **अनुबंध- XV** में फॉर्मेट के अनुसार प्राधिकृत व्यापारी श्रेणी -। के पास उनके नाम में भारत में रखे गये विदेशी मुद्रा लेखों संबंधी तिमाही विवरण विदेशी मुद्रा विभाग,भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को भेज दें ।

v. समस्त प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तकों द्वारा, **अनुबंध- XVI** में दिये गये फॉर्मेट के अनुसार, वित्तीय वर्ष के दौरान बट्टे खाते डाली गयी राशि के ब्योरे देते हुए, लाइसेंस देने वाले भारतीय रिज़र्व बैंक के संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय के विदेशी मुद्रा विभाग को वित्तीय वर्ष की की समाप्ति पर आगामी माह के भीतर एक वार्षिक विवरण प्रस्तुत किया जाए ।

16. प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तकों की लेनदेन का निरीक्षण

विदेशी मुद्रा प्रबंध अधिनियम, 1999 की धारा 12 (1) भारतीय रिज़र्व बैंक के किसी अधिकारी को प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तकों की बहियों और अन्य दस्तावेजों का निरीक्षण करने का इस संबंध में विशेष रुप से अधिकार प्रदान करती है। प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक, निरीक्षण करते समय निरीक्षण अधिकारियों को सभी प्रकार की सहायता एवं सहयोग करें। कोई लेखा बही अथवा अन्य दस्तावेज अथवा कोई विवरण अथवा जानकारी न दे पाना अथवा मुद्रा परिवर्तन लेनदेन के संबंध में निरीक्षण अधिकारी के किसी प्रश्न का जवाब न देना,अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन माना जाएगा ।

17. समवर्ती लेखा परीक्षा

(i) प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक अपने लेनदेनों के लिए समवर्ती लेखा परीक्षा की प्रणाली लागू करें ।

(ii) सभी एकल शाखा प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक जिनका कुल पण्यावर्त (टर्न ओवर) प्रतिमाह 100,000 अमरीकी डॉलर से अधिक अथवा उसके समतुल्य है और कई शाखाओं वाले प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक मासिक लेखा परीक्षा प्रणाली लागू करें । एकल शाखा प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तक जिनका कुल पण्यावर्त प्रतिमाह 100,000 अमरीकी डॉलर से कम अथवा उसके समतुल्य है वे तिमाही लेखा परीक्षा प्रणाली लागू करें ।

(iii) समवर्ती लेखा परीक्षकों की नियुक्ति / उनका चयन प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तकों के विवेक पर छोड़ दिया गया है । समवर्ती लेखा परीक्षक प्राधिकृत मुद्रा परिवर्तकों के सभी लेनदेनों की जांच करे और सुनिश्चित करें कि भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय समय पर जारी सभी अनुदेशों का पालन किया जाता है । सांविधिक लेखा परीक्षकों को प्रमाणित करना होगा कि समवर्ती लेखा परीक्षा और आंतरिक नियंत्रण प्रणाली संतोषजनक कार्य कर रही है ।

18. अस्थायी मुद्रा परिवर्तन सुविधाएं

